# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

दक्षिण दिल्ली - ।

: संयोजक :

**कर्मचारी भविष्य निधि संगठन**

मुख्य कार्यालय

भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110 066

ई मेल: tolic.epfo@epfindia.gov.in वेबसाईट: epfindia.gov.in दूरभाष:011-26712146

पत्रांक: हि.अ./नराकास/ददि-1/बैठक/2017/ 1953 दिनांक: 17 OCT 2018

सेवा में,

कार्यालय प्रभारी,
सभी सदस्य कार्यालय,
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-।
(संलग्न सूची के अनुसार)

**विषय: दिनांक 28.08.2018 को आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त प्रेषित करने के संबंध में।**

महोदय/ महोदया,

अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की अध्यक्षता में दिनांक **28.08.2018** को आयोजित नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की तृतीय बैठक के कार्यवृत्त की एक प्रति आपकी सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एतदद्वारा संलग्न कर प्रेषित की जाती है । इस संबंध में यदि कोई टिप्पणी हो, तो कृपया सदस्य-सचिव, नराकास, दक्षिण दिल्ली-। को अवगत कराएं ।

अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यवृत्त में दर्शाई गई मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्रवाई से अवगत कराने का कष्ट करें।

( सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित)

भवदीय,

संलग्नक: यथोपरि।

(एम.पी.एस. राठौरिया)
उप निदेशक (राजभाषा)
कृते अध्यक्ष, नराकास, दक्षिण दिल्ली-।

प्रतिलिपि:

1. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली ।
2. श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, ए-149, सरोजिनी नगर, नई दिल्ली ।
3. सभी नोडल कार्यालय- अपने अधीनस्थ कार्यालयों को परिचालित करने के अनुरोध सहित ।
4. क्षेत्रीय भ.नि.आयुक्त (एन.डी.सी.)- इस अनुरोध के साथ कि कृपया "नराकास" टैब पर अपलोड करें।

**<u>नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की दिनांक 28.08.2018 को आयोजित तृतीय बैठक के कार्यवृत्त</u>**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, दक्षिण दिल्ली-। की तृतीय छमाही बैठक दिनांक 28.08.2018 को अपराह्न 03:00 बजे संयोजक कार्यालय - कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय, भविष्य निधि भवन, 14 भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 के तृतीय मंजिल स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री सुनील बड़थ्वाल, भा.प्र.से., केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने किया । बैठक में श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन) उत्तरी क्षेत्र-। सहित कुल **<u>67</u>** कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख / प्रतिनिधि शामिल हुए । बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की जानकारी **परिशिष्ट-'।'** पर दी गई है ।

बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्यालय प्रमुख एवं उपस्थित प्रतिनिधियों का सहर्ष स्वागत किया। तदुपरान्त, सदस्य सचिव श्री एन.के. मिश्र, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा 01.01.2018 से 30.06.2018 तक की सदस्य कार्यालयों से प्राप्त छमाही रिपोर्ट की नोडल कार्यालयों द्वारा की गई समीक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया । सदस्य सचिव ने उन नोडल कार्यालयों की सराहना की जिन्होंने नराकास से संबंधित सूचना अधीनस्थ कार्यालयों को देने के साथ बैठक हेतु छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करके बडी तत्परता से प्रेषित किया । इस संदर्भ में उन्होंने भारतीय खेल प्राधिकरण की प्रशंसा की जो हिंदी संबंधी समीक्षा हेतु अपने अधीनस्थ कार्यालयों के साथ समीक्षा बैठक करते है। उन्होंने अपील की कि सभी कार्यालय मानक प्रोफ़ॉर्मा में ही अपनी रिपोर्ट भेजें । साथ ही, अलग-अलग तिमाही की रिपोर्ट ना भेजकर दो तिमाहियों की समेकित रिपोर्ट भेजें (छमाही रिपोर्ट के रूप में) । साथ ही उन्होंने सभी कार्यालयों से आग्रह किया कि वे अपने नोडल कार्यालय का यथासंभव सहयोग करें व अपनी रिपोर्ट सही समय से प्रेषित करें । सदस्य सचिव ने राजभाषा कार्यान्वयन में जिन कार्यालयों ने **उत्कृष्ट / संतोषजनक कार्य** किया है उन कार्यालयों के ब्यौरे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया । साथ ही, उन्होंने समिति को अवगत कराया कि पिछले बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की हिंदी पत्रिका के प्रकाशन हेतु सदस्य कार्यालयों से रचनाएं आमंत्रित करते हुए पत्र और अनुस्मारक जारी किए गए थे; परंतु पर्याप्त मात्रा में रचनाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी तक इस दिशा में समुचित कदम नहीं उठाया जा सका। उन्होंने सदस्यों से पुन: अनुरोध किया है कि कृपया इस दिशा में अपना योगदान दें ।

**(कार्रवाई - नोडल कार्यालय/सदस्य कार्यालय)**

इसके पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने हिंदी में वार्तालाप को प्रोत्साहित करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों/ प्रतिनिधियों से अपना स्वपरिचय देने को कहा और अपने-अपने कार्यालयों में हो रहे राजभाषा कार्यों से अवगत करने का अनुरोध किया । साथ ही, उन्होंने यह भी कहा है कि अपने-अपने कार्यालयों में जो भी अभूत पूर्व कार्य आपने किया है, उसकी इस बैठक में चर्चा करें ताकि अन्य लोग भी लाभान्वित हों तथा उसका अनुसरण करें । अत: उनकी चर्चा बैठक में अवश्य की जाए । तदनुसार बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना परिचय दिया जिनका मुख्यांश निम्नानुसार हैं:

1. **वायु सेना स्टेशन, तुगलकाबाद**: प्रत्येक शुक्रवार को विशेषकर हम कार्य हिंदी में करने का प्रयास करते हैं।

2. **सीमा शुल्क (निवारक), आई.जी.आई**:- प्राईवेट एयर कंपनियों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ।

3. **वस्त्र मंत्रालय**:- आपसी समन्वय बनाया जाए ताकि बेहतर कार्य हो सके ।

4. **नौसेना शिक्षा निदेशालय, एकीकृत मुख्यालय**:- स्क्रीन सेवर हिंदी में; पाकेट डिक्शनरी, वेबसाइट द्विभाषी, भर्ती पश्न पत्र- द्विभाषी तैयार किया गया ।

5. **सशस्त्र सेना चिकित्सा सामान डिपो:-** धनवंतरी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन ।

6. **राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान**:- आज का शब्द - डिजिटल बोर्ड, फाइल कवर पर हिंदी में नेमी नोट, रोजमर्रा के वाक्य अनुवाद करके नेट पर डाला है पखवाड़े के दौरान हिंदी पत्रिका का विमोचन ।

7. **ई.एस.आई.सी.** :- अधिकारियों/कर्मचारियों को पारंगत पाठ्यक्रमों में निपुण किया है।

8. **केंद्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान**:- हिंदी में टिप्पणी नहीं तो फाइल वापिस, टिप्पणी के पृष्ठों की संख्या पर चर्चा एवं पत्राचार का प्रतिशत ।

9. **प्रसार भारती, केंद्रीय कार्यक्रम निर्माण केंद्र: दूरदर्शन:-** टेक्निकल शाखाओं में हिंदी में लेक्चर दिए जाते है । "सिरीफोर्ट" वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन ।

10. **सी. डॉट**:- तकनीकी कार्मिकों को आकर्षित करने के लिए इनसे मिलिए- विभिन्न प्रतिभाशाली लोगों जैसे कि श्री सतीश गुजराल व अन्य को आमंत्रित किया । हिंदी उत्सव का आयोजन किया जिसमें सोनल मानसिंह जैसे कालाकारों को बुलाया गया । तकनीकी संगोष्ठी - पी.पी.टी.- हिंदी में प्रस्तुत की जाती है, सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कार दिए जाते हैं। भाषा- साहित्य को जोड़ने के लिए प्रतियोगिताएं अयोजित की जाती हैं। वैज्ञानिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करते है ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य सभी सदस्य कार्यालय अपने कार्यालयों में हो रहे कार्यों के संबंध में समिति को अवगत कराया । कुछ सदस्य कार्यालयों ने नराकास को अपने सहयोग प्रदान करने में सामने आ रहीं कठिनाइयों के बारे में सूचित किया । एक सदस्य कार्यालय द्वारा गूगल ऑनलाइन सॉफ्ट्वेयर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया । निदेशक, पीडीनास ने कहा कि सरल बोलचाल की भाषा को प्रयोग में लाने से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा मिलेगा। कुछ और सदस्य कार्यालयों ने निम्न प्रकार से अपनी बात रखी:-

**वायुसेना स्टेशन कार्यालय : पत्र** स्पीड पोस्ट से भेजे जाएं; सुरक्षा कारणों से ई-मेल नहीं दे सकते ।

**सहकारी आवास**:- हिंदी का प्रेशर न क्रिएट किया जाए बोलचाल की भाषा से शुरूआत की जाए |

**(कार्रवाई - सभी संबंधित)**

उपरोक्त बिंदुओं में से अपने कार्यालय की कार्य प्रकृति के अनुसार लाभ उठाया जा सकता है ।

श्री प्रमोद शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय उत्तरी क्षेत्र-। ने सर्वप्रथम कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, मुख्यालय द्वारा नराकास, दक्षिण दिल्ली-। की तृतीय बैठक के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि रिपोर्ट के आंकड़े तथ्यपरक होने के साथ स्टीक दिए जाएं ताकि समस्याएं सही रूप में सामने आएं और उनका हल निकाला जाए । विज्ञापन पर राष्ट्रपति के आदेश का पालन किया जाए। वेबसाइट के द्विभाषीकरण पर ध्यान दिया जाए । उन्होंने यह भी कहा कि कहा कि, मंगल फॉन्ट के माध्यम से एकरूपता आएगी । आगे उन्होंने कहा कि, प्रशासिनक प्रधान स्तर पर हिंदी के प्रयोग से अच्छा माहौल बनता है और उन्हें नराकास की बैठकों में अवश्य शामिल होना चाहिए । उन्होंने कहा कि लीला मोबाइल एप, ई-महाशब्दकोष, मंत्रा साफ्टवेयर, www.hindi.etools, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग की शब्दावली जो वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है उसका उपयोग करें। पत्रिका के प्रकाशन पर उन्होंने हर्ष व्यक्त किया तथा अपील की कि सभी कार्यालय इन बातों का ध्यान रखें कि पत्रिका ज्ञानवर्धक हो, संतुलित हो और सबसे अधिक सम सामयिक भी हो । 10 (4) के अधीन अधिसूचित कार्यालय, प्रवीणता प्राप्त कर्मचारियों को व्यक्तिश: आदेश जारी करने के संबंध में भी उन्होंने सदस्य कार्यालयों से अपील की । उन्होंने अनुरोध किया कि तिमाही बैठक की सूचना अग्रिम रूप से दें ताकि क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के अधिकारी उस बैठक में भाग लें ।

**(कार्रवाई - सभी संबंधित)**

तत्पश्चात्, श्री सुनील बड़थ्वाल, अध्यक्ष, नराकास ने समिति को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी पहली बैठक है । उन्होंने आगे कहा कि आप सब ने काफी रुचिपूर्वक भाग लिया, यह काफी प्रशंसनीय है । साथ ही, आपने इसे यथार्थपरक भी बनाए रखा। जो भी प्रतिनिधि आये हैं वो हिंदी के प्रयोग के प्रति गंभीर हैं । वो अपनी बात कार्यालय प्रधान तक जरूर पहुंचाए। आगे उन्होंने कहा कि आपने कई अच्छे सुझाव दिए जिसे मैंने नोट भी किया है, उम्मीद है आपके उत्कृष्ट कार्यों से अन्य कार्यालय भी प्रेरणा लेंगे । उन्होंने सुझाव दिया कि हम नराकास हेतु एक "**व्हाट्स एप ग्रुप**" **(what's app group)** बना लें और आपसी सम्पर्क कायम करें। रिक्तियों के संबंध में अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि, जहां अनुवाद की समस्या है वहां बाहर से किसी अन्य संवर्ग के इच्छुक लोगों को आमंत्रित करें व कार्य सम्पादित करें। हम वाकई हिंदी में कार्य करते हैं । हम यह कार्य हस्ताक्षर से शुरू कर सकते है। धीरे-धीरे हम वास्तविक रूप से हिंदी में कार्य करने लगेंगे । ई-टूल की सहायता लेकर हम हिंदी के प्रयोग को उत्तरोत्तर गति प्रदान कर सकते हैं । इस तरह अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा के प्रयोग को सशक्त करने के अनेक उपयोगी सुझाव दिए गए ।

**(कार्रवाई - सभी संबंधित)**

अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि नराकास के सदस्य कार्यालयों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा प्रशिक्षण अकादमी (पीडीनास) एवं श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के आपसी सहयोग से प्रशिक्षण कैलेण्डर बनाया जाए । उसके लिए पहले प्रशिक्षणार्थियों की सूची तैयार की जाए ।

**(कार्रवाई - सभी संबंधित)**

बैठक की समाप्ति श्री के.एल. गोयल, उपाध्यक्ष, नराकास, दक्षिण दिल्ली-। द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ की गई, जिसमें उन्होंने अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सदस्यों को इस तरह के सौहार्दपूर्ण वातावरण में नराकास बैठक में हिंदी के राजकीय प्रयोग की समीक्षा एवं विकास पर विचार-विमर्श के लिए धन्यवाद ज्ञापन अर्पित किया ।

सुनील बड़थ्वाल

**(सुनील बड़थ्वाल)**
**केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त/**
**अध्यक्ष, नराकास, दक्षिण दिल्ली-।**

परिशिष्ट-I

**नराकास, दक्षिण दिल्ली-I की प्रथम छमाही बैठक में शामिल प्रतिनिधियों की सूची:**

| क्र.सं. | सदस्य कार्यालय का नाम | अधिकारी का नाम और पदनाम | कार्यालय प्रभारी |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रादेशिक निदेशक (उ.क्षे.) कार्पोरेट कार्य कार्यालय, भारत सरकार सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-3 | ए.एम. सिंह, संयुक्त निदेशक | हां |
| 2. | राष्ट्रीय कैडेट कोर, हेड ऑफिस, वेस्ट विंग -4, आर.के. पुरम नई दिल्ली -66 | श्री एम.के. सिंह, सहायक निदेशक | - |
| 3. | केन्द्रीय विद्यालय संगठन, मुख्य कार्यालय - शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली -110016 | श्री शची कांत, संयुक्त आयुक्त<br>श्री राज सिंह यादव, सहा. निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 4. | क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, अगस्त क्रांति भवन, नई दिल्ली-110066 | श्री राजेश कुमार सिन्हा, उप सचिव (तक)<br>श्री शिवगोविन्द, सहायक निदेशक<br>श्री महेश साव, कनिष्ठ अनुवादक (हिंदी) | हां |
| 5. | महानिदेशालय, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल बल, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003 | श्री सुरेश कुमार, उप निरीक्षक<br>श्री पवन कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट | - |
| 6. | एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (वायुसेना) पश्चिम खंड-VI, नई दिल्ली-66 | श्री नाहर सिंह, उप निदेशक (रा.भा.) | - |
| 7. | क्षेत्रीय प्रबंधक, केन्टीन भंडार विभाग, दिल्ली कैन्ट-110010 | श्री शक्ति कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक<br>सुश्री आशा, हिंदी सहायक | हां |
| 8. | नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांट जीनोम रिसर्च, अरुणा आसिफ अली मार्ग, नई दिल्ली - 110067 | श्री संदीप दत्ता, प्रबंधक (प्रशासन)<br>श्री ओमप्रकाश साह, हिंदी अनुवादक | हां |
| 9. | सशस्त्र सेना चिकित्सा समान डिपो | ब्रिगेडियर राजेश वर्मा<br>श्री विनोद कुमार सिंह, स.नि. (रा.भा.) | हां |
| 10. | वायुसेना स्टेशन नई दिल्ली, रेस कोर्स, नई दिल्ली-110003 | श्री गोविन्द सिंह, शिक्षा अनुदेशक<br>श्रीमती कमला तिवारी, व.हि.अ. | - |
| 11. | केन्द्रीय विद्यालय, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली-03 | श्रीमती ममता शर्मा, प्राचार्य | हां |
| 12. | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110044 | श्री एन.एस. मेहरा, मुख्य कार्यकारी<br>श्री एस.पी. कुमार, अनुसंधान अधिकारी | हां |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | राष्ट्रीय श्रम अर्थशास्त्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान, नरेला, दिल्ली-40 | डॉ. अनिल कुमार यादव, निदेशक | हां |
| 14. | संगणक केंद्र, सांख्यिकी निदेशालय, आर.के. पुरम, नई दिल्ली | श्री मनोज कुमार गुप्ता, निदेशक<br>श्रीमती प्रेम लता नारंग, सहायक निदेशक, राजभाषा | हां |
| 15. | रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली कैन्ट-10 | श्री पुष्कल उपाध्याय, संयुक्त महानियंत्रक<br>श्री श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक | हां |
| 16. | पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अकादमी, जनकपुरी, नई दिल्ली | श्री राजेश बंसल, निदेशक<br>श्री नरेश कुमार, सहा. निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 17. | राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, आर.के. पुरम | श्री ए.एस. मलिक, उप निदेशक (प्रशा.)<br>श्री वीर भोज, सहा. निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 18. | दिल्ली छावनी परिषद, दिल्ली छावनी | श्री अमित कुमार मिश्रा, हिंदी अधिकारी | - |
| 19. | केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, उत्तरी खंड मुख्यालय, दिल्ली | श्री संजय कुमार गुप्ता, क.प्र.अ.<br>श्री रणवीर सिंह, निरीक्षक | - |
| 20. | दिल्ली विकास प्राधिकरण, विकास सदन, आई.एन.ए., नई दिल्ली | सुश्री पूनम माथुर, निदेशक<br>श्री सुनील कुमार विज, प्रभारी उप निदेशक (राजभाषा) | हां |
| 21. | केंद्रीय कार्यक्रम निर्माण केन्द्र, दूरदर्शन खेल गांव, नई दिल्ली | श्री मुकेश कुमार गढ़वाल, उप महा निदेशक (अभियंत्रिकी)<br>श्री ललित कुमार, हिंदी अनुवादक | हां |
| 22. | सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स, सी-डॉट परिसर, महरौली, नई दिल्ली | श्री राजीव भसीन, रजिस्ट्रार<br>श्रीमती विभा बिष्ट, कार्यपालक (राजभाषा)<br>श्रीमती रेश्मा हिंगोरानी, सहायक कार्यपालक (राजभाषा) | हां |
| 23. | रक्षा संपदा महानिदेशालय, रक्षा संपदा भवन, दिल्ली छावनी-110010 | श्रीमती चारू तिवारी, सहायक निदेशक (राजभाषा)<br>श्री चन्दन कुमार चौधरी, एस.एस.ए. | - |
| 24. | प्रधान आयुक्त कार्यालय, सीमा शुल्क निवारक, नवीन सीमा शुल्क भवन, नई दिल्ली-37 | श्री मिहिर रंजन, अपर आयुक्त<br>श्री मदन मोहन भट्ट, वरिष्ठ अनुवादक | - |
| 25. | वायुसेना निदेशालय बेस मरम्मत डिपो नजफगढ़, बनी कैम्प | विंग कमांडर इन्दु गौतम<br>मुहम्मद नूरूल हुसैन, जूनियर वारंट अफसर | हां |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26. | बेतार अनुश्रवण संघटन, उत्तरी क्षेत्र, संचार मंत्रालय, नई दिल्ली | श्री सुमित नन्दन, व.प्र.अ. | हां |
| 27. | वायुसेना अभिलेख कार्यालय, सुब्रोतो पार्क, नई दिल्ली | श्री राजेश कुमार पुरोहित, जूनियर वारंट अफसर<br>श्री नीरज कुमार, हिंदी टाइपिस्ट | - |
| 28. | केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, जनकपुरी, नई दिल्ली | डॉ. जमाल अख्तर, अनुसंधान अधिकारी-III / राजभाषा प्रभारी | - |
| 29. | केन्द्रीय विद्यालय, पुष्प विहार, साकेत, नई दिल्ली | श्री राघवेन्द्र कुमार दीक्षित, स्नातकोत्तर शिक्षक<br>श्री श्रीकांत कुशवाहा, टी.जी.टी. (हिंदी) | - |
| 30. | सशस्त्र सेना आधान केन्द्र, दिल्ली कैंट, दिल्ली | कप्तान आशीषा | - |
| 31. | स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (कै.भ.वि.) दिल्ली छावनी | श्री अनिल वी. उमेश, व.ले.आ. | - |
| 32. | राष्ट्रीय आपदा मोचन बल निदेशालय, लोधी रोड, दिल्ली | श्री पवन कुमार शर्मा, सहायक कमांडेट<br>श्री सुरेश कुमार, उप निरीक्षक<br>सुश्री आशा, हिंदी सहायक | - |
| 33. | रेल संरक्षा आयोग, उत्तर परिमंडल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-21 | श्री राजमल खोईवाल, उपायुक्त | - |
| 34. | नौ सेना शिक्षा निदेशालय, एकीकृत मुख्यालय, आर.के.पुरम | कमोडर रोहतास सिंह<br>श्रीमती सुषमा मिट्ठल, संयुक्त निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 35. | केन्द्रीय विद्यालय, पश्चिम विहार, अम्बिका विहार, नई दिल्ली-87 | सुश्री साबिरा शोरी, प्रधानाचार्य<br>श्री कुलबीर सिंह, कनिष्ठ सचिवालय सहायक | हां |
| 36. | जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर, दिल्ली-1 | श्रीमती सुमन नेगी, प्राचार्य<br>डॉ. बिमला नारा, पी.जी.टी. हिंदी | हां |
| 37. | जवाहर नवोदय विद्यालय, जाफरपुर कलां, नई दिल्ली | श्री राजेन्द्र प्रसाद, राजभाषा अधिकारी<br>ए.ए. मुस्तकीमी, क.प्राचार्य | - |
| 38. | राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-16 | श्रीमती सुषमा जुनेजा, व.हि.अ. | - |
| 39. | भारतीय खेल प्राधिकरण, लोधी रोड, नई दिल्ली | डॉ. राजीव सरीन, उप निदेशक / प्रभारी राजभाषा<br>श्रीमती आशा, हिंदी अनुवादक | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 40. | कर्मचारी राज्य बीमा योजना, निदेशालय (चिकित्सा) दिल्ली, तिलक विहार औषधालय, परिसर, नई दिल्ली-2 | सुश्री रोजलीन हेमरोम, सहायक निदेशक (राजभाषा) | - |
| 41. | आंकड़ा प्रबंधन निदेशालय, पुष्पा भवन, दिल्ली | श्री एम.आर. रेड्डी, आयुक्त<br>श्री राम रतन बंगा, वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी | हां |
| 42. | पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ, भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली-66 | श्री डी.कुमार, निदेशक<br>श्री राजीव रंजन, अपर निदेशक | हां |
| 43. | राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण परिषद (कृषि मंत्रालय) अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली -110044 | श्रीमती अमिता माथुर, सहायक निदेशक (रा.भा.) | - |
| 44. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, (सीमा सड़क), सीमा सड़क भवन, दिल्ली छावनी- 10 | सुश्री रवि किरण, सहायक नियंत्रक<br>श्री कृष्ण गोयल, सहायक निदेशक (रा.भा.) | - |
| 45. | क्षेत्रीय पारपत्र कार्यालय, आर.के.पुरम, नई दिल्ली | श्री सोहन सिंह, हिन्दी अनुवादक | - |
| 46. | राजकुमारी अमृतकौर नर्सिंग महाविद्यालय, लाजपत नगर, नई दिल्ली | श्रीमती मधु जोशी, अनुवादक | - |
| 47. | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-16 | श्री आशीष द्विवेदी, निदेशक<br>सुश्री अपि कुमारी, अ.श्रे.लि. | - |
| 48. | क्षेत्रीय एगमार्क प्रयोगशाला, डब्लू-6 ओखला | श्री पवन कुमार, कनिष्ठ रसायज्ञ | - |
| 49. | कार्यालय उप महा निदेशक, नागर विमानन विभाग, अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली | श्री प्रदीप पाठक, उप महा निदेशक<br>श्री शंकर लाल, उप निदेशक<br>श्री विवेक पुरी, सहायक निदेशक | हां |
| 50. | अपर महानिदेशक, माल एवं सेवाकर महानिदेशालय, एम.टी.एन.एल. भवन, | श्री एस.के. रहमान, अपर महानिदेशक<br>श्री मनीष कुमार, अधीक्षक | हां |
| 51. | आयुक्त का कार्यालय, केन्द्रीय माल और सेवाकर (1) जी.एस.टी. दिल्ली दक्षिण आयुक्तालय (2) लेखा परीक्षा-II, प्रथम तल, ई.आई.एल अनेक्सी भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली | श्री प्राणेश पाठक, आयुक्त | हां |
| 52. | केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, 61-65, इंस्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी | डॉ. सुभाष कौशिक, वैज्ञानिक हिंदी IV /संपर्क अधिकारी | - |
| 53. | स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी, कैन्टीन स्टोर विभाग क्रिबी पैलेश, दिल्ली छावनी | श्री कृष्ण कुमार, लेखा अधिकारी | - |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 54. | आधार चिकित्सालय भा.ति.सी.पु., तिगड़ी कैम्प, नई दिल्ली-80 | श्री राकेश मलिक, निरीक्षक, हिंदी अनुवादक | - |
| 55. | ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नजफगढ़, नई दिल्ली-43 | डॉ. चरण सिंह, निदेशक | हां |
| 56. | भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण, सिरी इंस्टिट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-16 | श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, अवर सचिव | - |
| 57. | केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, पश्चिमी ब्लॉक-II, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-66 | श्री एस.के. जुनेजा, वैज्ञानिक-डी<br>सुश्री प्रज्ञा, हिंदी अनुवादक | - |
| 58. | कर्मचारी राज्य बीमा निगम, बसईदपुर, दिल्ली | श्री सुनील कुमार, व.हि.अ. | - |
| 59. | केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान संस्थान, जनकपुरी, नई दिल्ली | वैद्य प्रोफे. के.एस. धीमान, महानिदेशक | हां |
| 60. | केंद्रीय माल एवं सेवाकर, दिल्ली पश्चिम, ई.आई.एल. एनेक्सी भवन, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली | श्री अभिषेक कुमार, सहायक आयुक्त | - |
| 61. | वस्त्र समिति, वस्त्र मंत्रालय, नारायणा | श्री अभिषेक शर्मा, गुणवत्ता आश्वा अधिकारी<br>श्री संजीव कुमार जैन, मु.आ.अ. | - |
| 62. | वायु सेना स्टेशन, तुगलकाबाद | स्क्वाड्रन लीडर अनुराधा सिंह, स्टेशन शिक्षा अधिकारी<br>श्री पवन कुमार मिश्र, प्रभारी राजभाषा (हिंदी) | हां |
| 63. | राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान सेक्टर-8, द्वारका, नई दिल्ली | श्री सुनील कुमार गुप्ता, प्रशासनिक अधिकारी<br>डॉ. वंदना शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | हां |
| 64. | कृषि और प्रसंस्कृत, खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) अगस्त क्रांति भवन | श्रीमती सिमि उन्नि कृष्णन, क.हि.अ. | - |
| 65. | राष्ट्रीय रक्षा संपदा प्रबंध संस्थान, दिल्ली छावनी | श्री राजेश थपलियाल, हिंदी अनुवादक | - |
| 66. | कार्यालय सीमा शुल्क (आयात व निर्यात) अन्तर्देशीय कन्टेनर डिपो, तुगलकाबाद, नई दिल्ली | श्री राजेश नंदन श्रीवास्तव (आयात व निर्यात) | हां |
| 67. | केंद्रीय विद्यालय, टैगोर गार्डन | शिव नारायण यादव, वरिष्ठ सचिवालय सहायक | - |